**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ**
**(तिथि 15 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

आज देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले पर झण्डा फहरा कर देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों की निशानी तिरंगे को सलाम किया। श्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते कहा कि भारत न्यूक्लियर बलैकमेल नहीं सहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अपने हिसाब से दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का मुहतोड़ जवाब देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लाल किले की प्राचीर से उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के उन वीर जाबांजों को सलाम करने का अवसर मिला है जिन्होंने दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने सीमापार से आकर पहलगाम में कत्लेआम किया और धर्म पूछकर लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि हमने सैनिकों को रणनीति तय करने, लक्ष्य तय करने और समय तय करने की पूरी छूट दी और हमारे सैनिकों ने वो कर दिखाया जो दशकों से नहीं हुआ था। उन्होंने आतंक के अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने तय कर लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे।
उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता भारत के लिए अन्यायपूर्ण था। उन्होंने कहा कि इस समझौते के कारण भारत की नदियों का पानी दुश्मन के खेतों को सींचता रहा और हमारे देश का किसान पानी के लिए तरसता रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में देश को दिशा देने वाले और मार्ग दिखाने वाले संविधान निर्माताओं को नमन किया और कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व 140 करोड़ लोगों के संकल्पों का पर्व है। श्री मोदी ने कहा कि देश श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मना रहा है। वे पहले महापुरुष थे जिन्होंने संविधान के लिए बलिदान दिया। उन्होंने धारा 370 को हटाने के लिए बलिदान दिया। प्रधानमंत्री ने

अपने संबोधन में आत्मनिर्भर रहने के लिए प्रतिपल जागरूक रहने पर बल देते हुए कहा  कि आत्मनिर्भरता का नाता आयात-निर्यात या रूपए-डॉलर तक सीमित नहीं है। आत्मनिर्भरता का नाता हमारे सामर्थ्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं। इसमें लाखो करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। हमें ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में सौर ऊर्जा तीस गुना बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए बांधों का निर्माण हो रहा है जिससे देश में स्वच्छ ऊर्जा में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश में मिशन हरित हाइड्रोजन पर हजारों करोड़ रुपये निवेश किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा में वृद्धि के लिए दस नए रिएक्टर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक परमाणु ऊर्जा में दस गुणा वृद्धि की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पचास-साठ साल पहले सेमीकंडक्टर को लेकर फाइलें और विचार शुरू होकर अटक गया। उन्होंने कहा कि आज हमने सेमीकंडक्टर के काम को मिशन मोड में आगे बढाया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के अंत तक भारत में बनी हुई, भारत के लोगों द्वारा बनी हुई चिप बाजार में आ जाएगी।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों,  आजादी के परवानों और वीर सपूतों को सलाम किया। मुख्यमंत्री ने कहा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि सब प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा वासियों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। सन् 1857 की क्रांति की पहली चिंगारी अम्बाला छावनी से ही फूटी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिए उठाए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशी  बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई है। सरकार ने शहीदों के 410 आश्रितों को नौकरियां दी और अग्निवीरों को नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय भी लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले साढ़े 10 वर्षों में प्रदेश की जनता को भेदभाव करने वाली व्यवस्था से आजादी दिलाई है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया जा रहा है। भारत को आजादी की 100वीं वर्षगांठ वर्ष-2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनाने का लक्ष्य रखा है। श्री नायब सिंह कि सेना के पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से अपने शौर्य से पूरी दुनिया को भारत की सामरिक शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की विभिन्न क्षेत्रों में की गई उपलब्धियों को भी गिनाया।

***********************************************************